दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

## आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, रविवार 26 फरवरी 2023 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-05, अंक- 150

# ट्रक ने 3 खड़ी बसों को मारी टक्कर... 14 की मौत, 60 घायल

**भोपाल (आरएनएस)।** मध्य प्रदेश में रीवा और सतना जिलों की सीमा पर शुक्रवार को एक ट्रक ने सडक़ किनारे खड़ी तीन बसों को टक्कर मार दी जिससे 14 लोगों की मौत हो गयी और 60 अन्य घायल हो गये. अधिकारियों ने यह जानकारी दी.

प्रत्यक्षदर्शियों ने दावा किया कि हादसा शुक्रवार रात करीब नौ बजे बरखड़ा गांव के पास सुरंग के बाहर हुआ और बसों में सवार लोग सतना शहर में 'कोल महाकुंभ' से लौट रहे थे. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शबरी माता जयंती के अवसर पर दिन में इस कार्यक्रम को संबोधित किया था. अतिरिक्त मुख्य सचिव (एसीएस) गृह डॉ राजेश राजोरा ने बताया कि 14 लोग मारे गए और 60 अन्य घायल हो गये. घायलों में तीन की हालत बेहद गंभीर है.

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रीवा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में घायलों से मिलने के बाद कहा कि सीमेंट लदा ट्रक टायर फटने के कारण अनियंत्रित होकर सडक़ किनारे खड़ी तीन बसों से टकरा गया. टक्कर लगने से एक बस पलट गई और दूसरी बस दूसरी तरफ पलट गई जिसके कारण यात्रियों को चोटें आईं. चौहान ने इस घटना को बहुत दुर्भाग्यपूर्ण घटना करार दिया. उन्होंने कहा कि जरूरत पडऩे पर मरीजों को बेहतर इलाज के लिए विमान से रीवा से बाहर ले जाया जाएगा.



उन्होंने हादसे में मारे गए लोगों के परिजनों को 10-10 लाख रुपये की आर्थिक मदद देने का ऐलान किया. चौहान ने यह भी कहा कि मृतक व्यक्तियों के परिजनों को सरकारी नौकरी भी दी जाएगी. गंभीर रूप से घायलों को दो-दो लाख रुपये और सामान्य रूप से घायलों को एक-एक लाख रुपये मुआवजा दिया जाएगा. उन्होंने कहा कि मृतक के परिजनों को कई कल्याणकारी योजनाओं का लाभ भी दिया जाएगा.

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ट्रक ने बसों को पीछे से टक्कर मारी और उनमें से एक बस पलट कर खाई में जा गिरी. उन्होंने बताया कि दुर्घटना रात करीब नौ बजे मोहनिया सुरंग के पास हुई. प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि बसों को इसलिए रोका गया था ताकि महाकुंभ से लौट रहे यात्रियों को खाने के पैकेट दिए जा सकें. राजौरा ने कहा कि जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक सहित सीधी और रीवा जिले के आला अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं और दोनों बसों के सभी यात्रियों को निकाल लिया गया है.

अधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और भारतीय जनता पार्टी की मध्य प्रदेश इकाई के अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा भी सतना से घटनास्थल पर पहुंच गए थे. चौहान ने अधिकारियों को घायलों के इलाज की निगरानी करने का निर्देश दिया है और उन्हें रीवा मेडिकल कॉलेज और सीधी जिला अस्पताल को अलर्ट पर रखने को कहा है.

केंद्रीय गृह मंत्री ने भी ट्वीट कर हादसे पर दुख जताया है. पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और दिग्विजय सिंह ने हादसे पर दुख जताया है. नाथ ने एक ट्वीट में कहा कि दुर्घटना में 50 से अधिक यात्री घायल हो गए, जबकि सिंह ने एक ट्वीट में दुर्घटना में मरने वालों के परिजनों को 50-50 लाख रुपये और घायलों को पांच-पांच लाख रुपये मुआवजा देने की मांग की.

## ओडिशा के जाजपुर में हुई सडक़ दुर्घटना में पश्चिम बंगाल के 7 लोगों की मौत

**जाजपुर (आरएनएस)।** ओडिशा के जाजपुर जिले में शनिवार को मिनी ट्रक ने एक खड़े ट्रक को टक्कर मार दी, जिससे पश्चिम बंगाल के कम से कम सात निवासियों की मौत हो गई. जाजपुर के पुलिस अधीक्षक (एसपी) विनीत अग्रवाल ने बताया कि छह लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि एक ने एससीबी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया. एसपी ने कहा कि हमने मृतकों के परिवारों के सदस्यों को सूचित कर दिया है और वे जाजपुर आ रहे हैं. सभी मृतक व्यक्ति पश्चिम बंगाल के रहने वाले थे. जाजपुर के कलेक्टर चक्रवर्ती सिंह राठौड़ ने बताया कि दमकलकर्मियों ने घटनास्थल पहुंचकर शव बरामद किए. धर्मशाला थाने के प्रभारी निरीक्षक राकेश त्रिपाठी ने बताया कि शनिवार तडक़े कुक्कुट (पॉल्ट्री) सामग्री लेने के लिए कोलकाता से भुवनेश्वर जा रहा मिनी ट्रक कोहरे के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग-16 पर नेउलपुर इलाके में खड़े एक ट्रक से टकरा गया. शवों को जाजपुर जिले के बरछना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया है.

## लेफ्टिनेंट जनरल आरएस रीन ने डायरेक्टर जनरल क्वालिटी एश्योरेंस का पदभार संभाला

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** लेफ्टिनेंट जनरल आरएस रीन ने डायरेक्टर जनरल क्वालिटी एश्योरेंस का पदभार संभाला। 1986 बैच के अधिकारी लेफ्टिनेंट जनरल रीन भारतीय सैन्य अकादमी, देहरादून के पूर्व छात्र हैं। लेफ्टिनेंट जनरल आरएस ने राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, श्रीनगर से बीई (इलेक्ट्रिकल), रेडियो इंजीनियरिंग में विशेषज्ञता और एमसी ईएमई, सिकंदराबाद से संचार इंजीनियरिंग में स्नातकोत्तर की पढ़ाई पूरी की थी। वह डिफेंस इंस्टीट्यूट ऑफ क्वालिटी एश्योरेंस, बेंगलुरु में सीनियर फैकल्टी थे। इसके अलावा, अधिकारी भारतीय सांख्यिकी संस्थान, कोलकाता से प्रमाणित सिक्स सिग्मा ब्लैक बेल्ट हैं। उन्होंने आईआईटी, खडग़पुर से रिलायबिलिटी इंजीनियरिंग में प्रमाणन किया है और ब्यूरो वेरिटास, बेंगलुरु से गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली और एकीकृत प्रबंधन प्रणाली में योग्य लीड ऑडिटर हैं। अधिकारी ने एक वरिष्ठ गुणवत्ता आश्वासन प्रतिष्ठान का नेतृत्व किया है, मुख्यालय में ब्रिगेडियर, गुणवत्ता आश्वासन महानिदेशालय (डीजीक्यूए) और सिकंदराबाद में नियंत्रक (मिसाइल सिस्टम) थे। अधिकारी ने मुख्यालय डीजीक्यूए, नई दिल्ली में अतिरिक्त महानिदेशक (इलेक्ट्रॉनिक्स) के रूप में डीक्यूए (एल) का नेतृत्व किया। डीजीक्यूए रक्षा मंत्रालय में रक्षा उत्पादन विभाग के तहत कार्यरत एक अंतर-सेवा संगठन है। यह भारतीय सेना, भारतीय नौसेना (नौसेना आयुध को छोडक़र) और निजी क्षेत्र और सार्वजनिक क्षेत्र से खरीदे गए भारतीय वायु सेना के लिए आम उपयोगकर्ता वस्तुओं के लिए आयातित और साथ ही स्वदेशी दोनों तरह के रक्षा स्टोर और उपकरणों के दूसरे पक्ष के गुणवत्ता आश्वासन के लिए जिम्मेदार है।

## बढ़ रहा भारत का पारा, एक और ऊर्जा संकट की आहट ने बढ़ाई चिंता

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** भारत के कुछ हिस्सों में उच्च तापमान ने हाल के सप्ताहों में बिजली की मांग को लगभग रिकॉर्ड स्तर तक पहुंचा दिया है, जिससे बिजली सप्लाई पर दबाव इस साल भी बढ़ सकता है।जनवरी में बिजली की मांग चरम स्तर पर 211 गीगावाट तक पहुंच गई, जो पिछली गर्मियों में एक सर्वकालिक उच्च स्तर के करीब थी। पिछली साल गर्मियों में बिजली की मांग ने 122 साल पुराने गर्मी के रिकॉर्ड को तोड़ दिया था।



पिछले सप्ताह कुछ क्षेत्रों में तापमान सामान्य से 11सी अधिक रहा है और भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने किसानों को गेहूं और अन्य फसलों को गर्मी से बचाने की सलाह दी है।

गर्म मौसम की असामान्य रूप से शुरुआत और ये पूर्वानुमान है कि सिंचाई पंप और एयर कंडीशनरों का उपयोग पूरी क्षमता के साथ किया जाएगा। इस कारण बिजली की खपत में वृद्धि होगी। जिस तेजी से पारा चढ़ रहा है, उसी रफ्तार से बिजली की मांग भी बढ़ रही है। ऐसे में यह चिंता खाई जा रही है कि क्या लगातार दो वर्षों के व्यवधान के बाद देश के एनर्जी नेटवर्क पर एक नया तनाव आएगा।

इस चिंता को ध्यान में रखते हुए आयातित कोयले का उपयोग करने वाले पावर स्टेशनों को पहले ही गर्मी के मौसम में ब्लैकआउट से बचने और घरेलू कोयले की आपूर्ति पर दबाव कम करने के लिए तीन महीने के लिए पूरी क्षमता से काम करने का आदेश दिया गया है। भारत के ऊर्जा मंत्रालय के अनुसार, अप्रैल में बिजली की मांग 229 गीगावाट की नई ऊंचाई तय कर सकती है।

राजस्थान के बिजली मंत्री भंवर सिंह भाटी के अनुसार, 'जिस तरह से तापमान बढ़ रहा है- फरवरी में यह काफी असमान्य है। यह स्थिति हमारे लिए चिंता का विषय बनती जा रही है।' उन्होंने कहा कि बिजली की मांग पिछली गर्मियों की तुलना में 20 से 30 फीसदी तक बढ़ सकती है। बिजली आपूर्ति में कटौती के अलावा हमारे पास कोई अन्य विकल्प नहीं है।'

राजस्थान देश के सबसे गर्म राज्यों में से एक है और सौर ऊर्जा का हब है, फिर भी गर्मी के महीनों में पर्याप्त बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए राजस्थान को संघर्ष करना पड़ सकता है अगर अन्य क्षेत्रों के खदानों से कोयला प्राप्त करने में देरी हो रही है।

भारत में 70 फीसदी बिजली का उत्पादन कोयले से होता है, और बिजली स्टेशनों पर भंडार वर्तमान में 45 मिलियन टन के लक्ष्य से काफी नीचे है जिसे सरकार ने मार्च के अंत तक पूरा करने के लिए कहा था।

## जगरगुंडा-कुंदेड़ में हुई मुठभेड़ में 3 डीआरजी के जवान शहीद, 2 घायल

**सुकमा । आरएनएस**

छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के जगरगुंडा व कुंदेड़ के बीच शनिवार सुबह करीब 8:30 बजे हुई मुठभेड़ में 03 डीआरजी के जवान एएसआई रामूराम नाग निवासी जगरगुंडा, कांस्टेबल कुंजम जोगा निवासीमिटागुड़ा/जगरगुंडा और सैनिक वंजम भीमा निवासी मरकागड़ा/चिंतलनार शहीद हो गये हैं, वहीं दो जवान घायल हुए हैं, मुठभेड़ अभी भी जारी है। इसकी पुष्टि बस्तर आईजी सुंदरराज पी.ने किया है। मिली जानकारी के अनुसार दंतेवाड़ा और सुकमा से डीआरजी के जवान नक्सल अभियान पर निकले थे, कुंदेड़ के पास नक्सलियों ने एंबुस लगा रखा था, जिसमें नक्सल अभियान पर निकले जवान फंस गए, इसी दौरान नक्सलियों ने जवानों पर हमला कर दिया।

### आर्मी जवान की नक्सलियों ने गोली मारकर की हत्या

कांकेर जिले के उसेली गांव में नक्सलियों ने एकबार फिर आर्मी के कांस्टेबल को बीच बाजार में गोली मारकर उसकी हत्या कर दी। घटना के बाद से इलाके में हडक़ंप मच गया है। घटना आमाबेड़ा थानाक्षेत्र की है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक का नाम मोतीलाल आंचला है, मृतक जवान आर्मी के कांस्टेबल के पद पर असम मे तैनात था, जो छुट्टी के लिए अपने गृह ग्राम बड़ेतेवड़ा आया हुआ था, उसेली गांव में लगे मेले में शामिल होने गया था, जहाँ नक्सलियों के स्माल एक्शन टीम ने दिनदहाड़े उसपर गोली चला दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई है।

### राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि

राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने आज सुकमा जिले के जंगरगुण्डा इलाके में हुए नक्सली मुठभेड़ में पुलिस के जवानों की शहादत पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए, उन्हें श्रद्धांजलि दी। हरिचंदन ने नक्सलियों के इस कुकृत्य की कड़ी भत्र्सना की। उन्होंने कहा कि जवानों का देश की रक्षा में अमूल्य योगदान है, जवानों की शहादत कभी व्यर्थ नहीं जाएगी। प्रदेश उनकी शहादत के प्रति हमेशा ही ऋणी रहेगा।

राज्यपाल ने शहीद जवानों के परिजनों के प्रति भी अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए, ईश्वर से इस दु:ख की घड़ी को सहन करने की प्रार्थना की। साथ ही उन्होंने घायल जवानों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की।



### मुख्यमंत्री ने जवानों की शहादत पर गहरा दुख व्यक्त किया

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सुकमा के जगरगुंडा में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में तीन जवानों की शहादत पर गहरा दुख व्यक्त किया है। बघेल ने शहीदों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा है कि जवानों की शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी। सुकमा एसपी सुनील शर्मा ने शहीद जवानों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि मुठभेड़ में एएसआई रामु राम नाग, सहायक आरक्षक कुंजाम जोगा, सैनिक वैंजम भीमा शहीद हुए हैं।

## बांग्लादेश की मालवाहक शिप हुगली नदी में डूबी

**कोलकाता (आरएनएस)।** फ्लाई ऐश लेकर स्वदेश लौट रहा बांग्लादेश का मालवाहक शिप एक दूसरे शिप से टकराने के बाद हुगली नदी में डूब गई। भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (आईडब्ल्यूएआई) के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि घटना कोलकाता से करीब 60 किलोमीटर दूर दक्षिण 24 परगना जिले के निश्चिंतपुर में शुक्रवार और शनिवार की दरमियानी रात हुई।

अधिकारी ने बताया कि सूचना मिलने पर मौके पर वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के पहुंचने के बाद पोत पर सवार चालक दल के नौ सदस्यों को बचाया गया।

पुलिस ने बताया कि बाद में चालक दल के सदस्यों को पुलिस थाने लाया गया। शिप के प्रतिनिधि ने



बताया कि शिप का एक हिस्सा डूब गया था और पानी तेजी से इंजन कक्ष में भर रहा था। उन्होंने कहा कि शिप को अब भी बचाया जा सकता है।

आईडब्ल्यूएआई के अधिकारी ने बताया कि कोलकाता बंदरगाह पर पोतों की आवाजाही इस हादसे से प्रभावित नहीं हुई है क्योंकि दुर्घटनाग्रस्त मालवाहक पोत उस समय नौकायन मार्ग पर नहीं था। उन्होंने बताया कि निरीक्षण टीम मौके पर गई है और विस्तृत रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। अधिकारी के मुताबिक बचाए गए नाविकों को उनके देश भेजने के लिए बातचीत चल रही है।

# यूक्रेन संघर्ष में किसी भी शांति प्रक्रिया में योगदान देने भारत तैयार: प्रधानमंत्री मोदी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और जर्मन चांसलर ओलाफ शोल्ज ने शनिवार को स्वच्छ ऊर्जा, कारोबार, रक्षा और नयी प्रौद्योगिकी सहित विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को प्रगाढ़ करने पर चर्चा की। प्रधानमंत्री मोदी ने रूस-यूक्रेन संघर्ष का समाधान संवाद और कूटनीति से निकालने की जरूरत बताते हुए कहा कि भारत किसी भी शांति प्रक्रिया में योगदान देने के लिए तैयार है। बैठक में दोनों पक्षों के बीच, रूस-यूक्रेन संघर्ष, डिजिटल परिवर्तन,फिनटेक, सूचना प्रौद्योगिकी, दूरसंचार और आपूर्ति श्रृंखला के विविधिकरण, स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्रों में विचारों का आदान-प्रदान हुआ। शोल्ज के साथ बैठक के बाद संयुक्त प्रेस बयान में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, कोविड महामारी और यूक्रेन संघर्ष के प्रभाव पूरे विश्व पर पड़े



हैं। विकासशील देशों पर इसका विशेष रूप से नकारात्मक प्रभाव रहा है। हमने इस बारे मे अपनी साझा चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि हम इस बात से सहमत हैं कि इन समस्याओं का समाधान संयुक्त प्रयासों से ही संभव है और जी20 की अध्यक्षता करने के दौरान भी भारत इस दिशा में प्रयास कर रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा, 'यूक्रेन में घटनाक्रम शुरु होने के समय से ही भारत ने संवाद और कूटनीति के माध्यम से इस विवाद को सुलझाने पर जोर दिया है। भारत किसी भी शांति प्रक्रिया में योगदान देने के लिए तैयार है। वहीं, जर्मनी के चांसलर ने कहा कि हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि एशिया, अफ्रीका, अमेरिका के देशों पर आक्रामक युद्ध का नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़े। उन्होंने कहा, यूक्रेन में युद्ध के कारण भारी नुकसान हुआ, बुनियादी ढांचे और ऊर्जा ग्रिड नष्ट हो गए। यह एक आपदा है। रूसी आक्रमण के परिणामों से दुनिया प्रभावित हो रही है। शोल्ज ने कहा कि युद्ध मूलभूत सिद्धांतों का उल्लंघन करता है जिससे हम सभी सहमत हैं, आप हिंसा के माध्यम से (देशों की) सीमाओं को नहीं बदल सकते। जर्मनी के चांसलर दो दिवसीय यात्रा पर शनिवार को भारत पहुंचे। इस शीर्ष पद पर एंजेला मर्केल के 16 साल के ऐतिहासिक कार्यकाल के बाद दिसंबर, 2021 में जर्मनी का चांसलर बनने के बाद शोल्ज की यह पहली भारत यात्रा है। इस बीच, प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि चांसलर शोल्ज़ के साथ आज आए कारोबारी शिष्टमंडल और भारतीय उद्योगपतियों के बीच एक सफल बैठक हुई, और कुछ अच्छे समझौते, बड़े महत्वपूर्ण समझौते भी हुए। उन्होंने कहा कि डिजिटल परिवर्तन,फिनटेक, सूचना प्रौद्योगिकी, दूरसंचार और आपूर्ति श्रृंखला के विविधिकरण जैसे विषयों पर दोनों देशों के प्रमुख उद्योगपतियों के उपयोगी विचार और सुझाव भी मिले। मोदी ने कहा कि आतंकवाद और अलगाववाद के खिलाफ लड़ाई में भारत और जर्मनी के बीच सक्रिय सहयोग है। उन्होंने कहा, दोनों देश इस बात पर भी सहमत हैं, कि सीमापार आतंकवाद को समाप्त करने के लिए ठोस कार्रवाई आवश्यक है। प्रधानमंत्री ने कहा, हमने इस बात पर भी सहमति दोहराई कि वैश्विक वास्तविकताओं को बेहतर तरीके से दर्शाने के लिए बहु पक्षीय संस्थाओं में सुधार आवश्यक है। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार लाने के लिए जी-4 के अंतर्गत हमारी सक्रिय भागीदारी से यह स्पष्ट है। ज्ञात हो कि जी4 समूह का आशय भारत, जापान, जर्मनी और ब्राजील से है, जो संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में विस्तार की जरूरत पर जोर देते रहे हैं। उन्होंने कहा, भारत और जर्मनी त्रिकोणीय विकास सहयोग के तहत तीसरे देशों के विकास के लिए आपसी सहयोग बढ़ा रहे हैं। पिछले कुछ वर्षों में हमारे लोगों से लोगों के बीच संबंध भी सुदृढ़ हुए हैं।

मोदी ने कहा कि पिछले वर्ष मेरी जर्मनी यात्रा के दौरान हमने हरित और टिकाऊ विकास गठजोड़ की घोषणा की थी और इसके माध्यम से जलवायु कार्य और टिकाऊ विकास लक्ष्यों के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि सुरक्षा और रक्षा सहयोग हमारे सामरिक गठजोड़ का एक महत्वपूर्ण स्तम्भ बन सकता है और इस क्षेत्र में जहां क्षमताओं का उपयोग नहीं हुआ है, उसे पूरी तरह से हासिल करने के लिए हम साथ मिलकर प्रयास करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि विश्व की दो बड़ी लोकतांत्रिक अर्थव्यवस्थाओं के बीच बढ़ता सहयोग, दोनों देशों की जनता के लिए लाभकारी है, साथ ही आज के तनाव-ग्रस्त विश्व में इससे एक सकारात्मक संदेश भी जाता है उन्होंने कहा कि भारत और जर्मनी के मजबूत संबंध, साझा लोकतांत्रिक मूल्यों, और एक-दूसरे के हितों की गहरी समझ पर आधारित हैं और दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक एवं आर्थिक आदान-प्रदान का भी लंबा इतिहास रहा है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### हरियाणा के नूंह में जीप ने 3 लोगों को रौंदा, 2 लोगों की मौत

**नूंह (आरएनएस)।** हरियाणा के नूंह में दिल्ली-अलवर राजमार्ग पर ठेकरी गांव के पास एक पिकअप जीप ने मोटरसाइकिल सवार तीन लोगों को रौंद दिया, जिसके कारण 16-वर्षीय एक लडक़ी समेत दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक महिला घायल हो गई. पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी. उन्होंने बताया कि दुर्घटना के बाद जीप चालक भाग गया. अधिकारी ने बताया कि फिरोजपुर झिरका पुलिस थाने में इस बाबत एक प्राथमिकी दर्ज की गई है. पुलिस ने कहा कि मृतकों की पहचान नूंह जिले के मल्हका गांव निवासी मुबारक (40) और तफसीरा (16) के रूप में हुई है, जबकि घायल महिला की पहचान वारिसा के रूप में की गई, जो तफसीरा की मां है. अधिकारी ने बताया कि मुबारक अपने दोस्त असगर की पत्नी वारिसा और उसकी बेटी तफसीरा के साथ मोटरसाइकिल से फिरोजपुर झिरका जा रहा था, लेकिन ठेकरी गांव के पास जीप ने तीनों को रौंद दिया. पुलिस के मुताबिक मुबारक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि घायल तफसीरा ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया.

### देश में कोविड के 180 नए मामले आए सामने

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारत में कोरोना वायरस संक्रमण के 180 नये मामले सामने आए, जबकि उपचाराधीन रोगियों की संख्या बढक़र 2,090 हो गई. केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से शनिवार को सुबह आठ बजे जारी अद्यतन आंकड़ों के अनुसार मृतकों की कुल संख्या 5,30,764 है. देश में अब तक संक्रमित पाये गये लोगों की संख्या 4,46,85,799 हो गई है और 4,41,52,945 लोग संक्रमण से उबर चुके हैं. संक्रमण से उबरने की दर 98.80 प्रतिशत, जबकि मृत्यु दर 1.19 फीसद है. मंत्रालय की वेबसाइट के अनुसार देश में राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत कोविड-19 रोधी टीकों की अब तक कुल 220.63 करोड़ खुराक दी जा चुकी हैं.

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति ने भविष्य की मांगों के अनुसार शिक्षा प्रणाली को नया आयाम दिया: पीएम मोदी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) ने भविष्य की मांगों के अनुसार शिक्षा प्रणाली को नया आयाम दिया है. बजट-पश्चात वेबिनार को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि शिक्षा प्रणाली पहले सख्ती का शिकार थी. उन्होंने कहा कि एनईपी लचीलापन लेकर आई है और इसने भविष्य की मांगों के अनुसार शिक्षा प्रणाली को नया आयाम दिया है. प्रधानमंत्री ने 2023-24 के केंद्रीय बजट में की गई घोषणाओं को सूचीबद्ध करते हुए भारत को दुनिया की कौशल राजधानी बनाने की रूपरेखा को रेखांकित किया.

### एनजीटी ने पुरानी दिल्ली में अवैध तेजाब बनाए जाने के दावों की पड़ताल के लिए समिति गठित की

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण ने पुरानी दिल्ली में अवैध रूप से तेजाब बनाये जाने की शिकायत वाली याचिका के दावे की तहकीकात के लिए एक समिति का गठन किया है। एनजीटी लाल दरवाजा की गली कुआं वाली के एक निवासी की ओर से दायर उस याचिका पर सुनवाई कर रहा था, जिसमें कहा गया है कि इलाके में अवैध रूप से तेजाब बनाया जा रहा है। याचिका में कहा गया है कि अवैध तेजाब निर्माण के कारण खतरनाक धुआं निकलता है, जिससे पर्यावरण को नुकसान पहुंचने के साथ-साथ स्थानीय लोगों की सेहत पर भी विपरीत असर पड़ रहा है। न्यायिक सदस्य न्यायमूर्ति सुधीर अग्रवाल और विशेषज्ञ सदस्य ए. सेंथिल वेल की पीठ ने कहा, हमारी नजर में इस शिकायत की जांच-पड़ताल पहले स्थानीय अधिकारियों द्वारा की जा सकती है। इसलिए, हम दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति, पुलिस उपायुक्त (उत्तर) और जिला अधिकारी (उत्तर) की सदस्यता वाली एक संयुक्त समिति का गठन करते हैं। यह भी कहा गया कि जिलाधिकारी (डीएम) समन्वय और अमल के लिए नोडल एजेंसी होंगे। पीठ ने कहा कि यह समिति शिकायत की जांच करेगी, स्थल का दौरा करेगी और यदि किसी तरह का उल्लंघन हो रहा है तो प्रासंगिक सूचनाएं एकत्र करेगी और यदि कोई उल्लंघन पाया जाता है तो दो माह के भीतर उसके निदान के लिए कार्रवाई करेगी। एनजीटी ने कहा कि समिति तीन महीने के अंदर कार्रवाई रिपोर्ट पेश करेगी।